भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
<u>हिंदी अनुभाग</u>

भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा-2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह।

भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 06/10/2025 को श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, महानियंत्रक की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा - 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की कुलपति प्रो.(डॉ.) कुमुद शर्मा उपस्थित थी। साथ ही, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. योगेश जी. काले, मुख्य खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कार्मिक भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आरम्भ में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी, माननीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी जी और माननीय खान राज्य मंत्री श्री सतीश चन्द्र दुबे जी का हिंदी दिवस के अवसर पर दिया गया संदेश मंचासीन अधिकारियों द्वारा वाचन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदय, श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, महानियंत्रक ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी को आगे बढाने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। परन्तु इसके साथ ही साथ प्रत्येक व्यक्ति के निजी प्रयास की भी आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि यदि भारत राष्ट्र को आगे बढ़ाना है और इसे विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाना है तो हिंदी भाषा के द्वारा ही यह संभव हो सकता है।

इसके पूर्व सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो.(डॉ.) कुमुद शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा का हमारे जीवन में अत्यंत की महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी को लोकप्रिय बनाने के लिए हमें पूरी निष्ठा के साथ हिंदी से जुड़ना होगा। विकसित और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के द्वारा ही संभव हो सकती है।

कार्यक्रम के आरम्भ में अपने स्वागत भाषण में डॉ. योगेश जी. काले, मुख्य खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की महत्ता बतायी। उन्होंने आगे कहा कि आज हिंदी विदेशों में भी काफी प्रचलित है और विश्व भाषा के रूप में इसने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाषा संस्कृति के संवाहक होती है, हिंदी लगभग 1300 वर्ष पुरानी है और यह भारत की जीवन रेखा है।

श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में गत वर्ष के दौरान हिंदी सम्बन्धी कार्यों की उपलब्धियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा हिंदी से संबंधित विडियो का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर मंचासीन महानुभावों द्वारा भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती' के वर्ष 2025-26 के प्रथम अंक का विमोचन भी किया गया।

राजभाषा विभाग के निदेशानुसार एवं महानियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो के अनुमोदन से भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 14/09/2025 से दिनांक 30/09/2025 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में भारतीय खान ब्यूरो के कार्मिकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का संचालन श्री विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री सुबोध कुमार, आशुलिपिक द्वारा दिया गया । उक्त समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन में हिंदी अनुभाग के श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री किशोर डी. पारधी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्रीमती वीनू खत्री, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, उच्च श्रेणी लिपिक, सुश्री देबदत्ता घोष, एम.टी.एस. तथा श्री कमल बिरहा, प्रशिक्षु का पूर्ण योगदान रहा।

खान भारती
डॉ. योगेश जी. काले
प्रो. कुमुद शर्मा

भारतीय खान ब्यूरो
INDIAN BUREAU OF MINES
सतत कार्यरत
ON WITH THE JOB
डॉ. योगेश जी. काले